वर्ष-01, अंक-125
छपरा
मंगलवार 5 मार्च 2024
पृष्ठ - 04

DKK
दैनिक खोजखबर
dainikkhojkhabar.live

# दैनिक खोजखबर

खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू

E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com
E-Paper
website : www.dainikkhojkhabar.live



वर्ष-01, अंक-125
छपरा
मंगलवार 5 मार्च 2024
पृष्ठ - 04

# दैनिक खोजखबर

खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू

E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com
E-Paper
website : www.dainikkhojkhabar.live

**मोदी बोले- विपक्ष कहता है मेरा परिवार नहीं**

# देशवासियों के लिए बचपन में घर छोड़ा था, इन्हीं के लिए पूरा जीवन खपा दूंगा

**हैदराबाद/चेन्नई,एजेन्सी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को तेलंगाना और तमिलनाडु में एक जनसभा को संबोधित किया। पीएम ने तेलंगाना के आदिलाबाद में 56 हजार करोड़ रुपए के कई प्रोजेक्ट्स का इनॉगरेशन किया। इसके बाद उन्होंने यहां एक रैली को संबोधित किया। 25 मिनट की स्पीच में उन्होंने परिवारवाद, कांग्रेस, BRS और तेलंगाना के विकास पर बात की। PM ने कहा- भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टिकरण में आकंठ डूबे INDI गठबंधन के नेता बौखलाते जा रहे हैं। मैं इनके परिवारवाद पर सवाल उठाता हूं, तो इन लोगों ने अब बोलना शुरू कर दिया है कि मोदी का कोई परिवार नहीं है। मैं इनसे कहना चाहता हूं कि 140 करोड़ देशवासी ही मेरा परिवार है, जिसका कोई नहीं है वो भी मोदी के हैं और मोदी उनका है। मेरा भारत-मेरा परिवार है।



शाम को पीएम ने चेन्नई में एक रैली संबोधित करते हुए फिर दोहराया कि, जिन लोगों का कोई नहीं है, मोदी उनका है। आज पूरा देश एक सुर में कह रहा है- मैं हूं मोदी का परिवार। प्रधानमंत्री ने तेलंगाना में BRS सरकार और तमिलनाडु में DMK सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा- TRS तो BRS बन गया, लेकिन उससे कुछ नहीं बदला। वहीं DMK का मकसद फैमिली फर्स्ट है।

**ये चुनावी सभा नहीं, तेलंगाना के विकास का उत्सव है :** PM ने कहा- जैसे ही मैंने करोड़ों रुपए की विभिन्न विकासात्मक परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया, कुछ लोगों ने इसे चुनावी सभा कहा है। मैं उन विश्लेषकों को बताना चाहता हूं कि अभी चुनाव की घोषणा भी नहीं हुई है। यह चुनावी सभा नहीं बल्कि तेलंगाना में विकास उत्सव है।

विकास परियोजनाओं को चुनावी रणनीति बताने वालों को पिछले 15 दिनों का हिसाब देना चाहिए। पिछले 15 दिनों में हमने 2 आईआईटी, 1 IIIT, 3 IIM, 1 IIS और 5 AIIMS का उद्घाटन किया है। पिछले 15 दिनों में हमने किसानों के लिए दुनिया की सबसे बड़ी भंडारण योजना का उद्घाटन किया। 18,000 सहकारी समितियों को कम्प्यूटरीकृत किया गया।

PM ने कहा- 2000 से अधिक रेलवे परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया गया है। इसके अलावा, पिछले 15 दिनों के दौरान ही तेल और गैस क्षेत्र के लिए 1.5 लाख करोड़ रुपए से अधिक की परियोजनाएं देश को समर्पित की गई हैं। इन 15 दिनों ने आत्मनिर्भर भारत का निर्माण किया है। अरे, चुनाव तो जब आयेगा, तब देखा जायेगा... मुझे तो देश को आगे बढ़ाना है।

### तेलंगाना में तुम भी खाओ, हम भी खाएं की सरकार

PM ने कहा- तेलंगाना के लोग जान चुके हैं कि परिवारवादी पार्टियों के चेहरे अलग हो सकते हैं, लेकिन चरित्र एक ही होता है। ये चरित्र क्या है, 2 पक्की चीजें हैं इसमें- एक झूठ और दूसरा लूट। तेलंगाना जैसे TRS की जगह BRS बनने से कुछ नहीं बदला। BRS ने कालेश्वरम जैसे घोटाले किए। दूसरी सरकार आई तो वो उस घोटाले की फाइल दबाकर बैठ गई। तुम भी खाओ और हम भी खाएं। भ्रष्टाचार में डूबे इंडी गठबंधन के नेता घबरा गए हैं।

# स्कूल तोड़ने पहुंचे अधिकारी.. स्टूडेंट्स ने जमकर किया विरोध

### पटना में न्यायालय के आदेश पर पहुंचे थे मजिस्ट्रेट, खाली हाथ लौटे वापस



**पटना ,एजेन्सी।** पटना सिटी में लोहा के पुल के नजदीक सोमवार को स्कूल के भवन को तोड़ने पहुंची जिला प्रशासन की टीम को छात्र-छात्राओं के विरोध का सामना करना पड़ा। स्टूडेंट्स के विरोध को देखते हुए भारी संख्या में पहुंचे पुलिस बल और मजिस्ट्रेट को पीछे हटना पड़ा। मजिस्ट्रेट ने इस बात की सूचना पटना के जिलाधिकारी को दी है।

**जमीन को खाली कराने पहुंचे थे जवान :** बताया जा रहा है कि 16 वर्ष पूर्व लोहा पुल के नजदीक एक सरकारी स्कूल का निर्माण कराया गया था। इस भवन में तीन-तीन विद्यालय चल रहे हैं। इसके साथ ही यहां एक प्राथमिक हेल्थ सेंटर भी चल रहा है।

खुसरूपुर निवासी अंजनी कुमार सिन्हा ने इस जमीन को निजी बताते हुए न्यायालय में मामला दर्ज कराया था। न्यायालय से केस जीतने के बाद मजिस्ट्रेट की निगरानी में उस जमीन को खाली कराने के लिए आज फोर्स के साथ अधिकारी पहुंचे थे। वहां पहुंचते ही स्कूल के छात्र-छात्राओं सहित स्थानीय लोगों ने भवन तोड़े जाने का विरोध शुरू कर दिया।

**स्थानीय लोगों का सवाल- निजी जमीन पर भवन निर्माण की अनुमति क्यों दी गई :** स्थानीय लोगों का कहना है कि जब यह जमीन किसी निजी व्यक्ति की है, तो अंचलाधिकारी की ओर से यहां भवन निर्माण की अनुमति क्यों दी गई। दूसरी तरफ छात्र-छात्राओं ने कहा कि जब उनका स्कूल ध्वस्त हो जाएगा तो कहां पढ़ेंगे? वह किसी भी कीमत पर स्कूल को ध्वस्त नहीं होने देंगे।

**अंचलाधिकारी ने कहा- निर्देश के बाद की जाएगी कार्रवाई :** वहीं, पटना सदर के अंचलाधिकारी रजनीकांत ने बताया कि जमीन अंजनी कुमार सिंह का है। कोर्ट के द्वारा उन्हें खाली करने के लिए मजिस्ट्रेट के रूप में बहाल किया गया है। यह पूछने पर कि आज स्टूडेंट्स के द्वारा विरोध किया गया है, अब आप क्या करेंगे? उन्होंने बताया कि इसकी सूचना शिक्षा विभाग को दे दी गई है। आगे के निर्देश के बाद कार्रवाई की जाएगी।

# दिल्ली में 18+ महिलाओं को हर महीने मिलेंगे एक हजार

**बजट के दौरान वित्त मंत्री की घोषणा, बोलीं- राम राज्य के लिए 9 साल दिन-रात मेहनत की**

**नई दिल्ली,एजेन्सी।** दिल्ली की वित्त मंत्री आतिशी मार्लेना ने सोमवार (4 मार्च) को साल 2024-25 के लिए 76,000 करोड़ रुपये का बजट पेश किया। आतिशी ने बजट में 18 साल से ऊपर की महिलाओं को हर महीने एक हजार रुपए देने की घोषणा की है। इसके लिए सरकार महिला सम्मान योजना लेकर आई है।

आतिशी ने विधानसभा में बजट के दौरान अपने भाषण में कहा, ÷अब तक अमीर का बच्चा अमीर होता था, गरीब का बच्चा गरीब ही रह जाता था। यह राम राज्य की परिकल्पना के उलट था। केजरीवाल सरकार ने इसे बदला है। आज मजदूरों के बच्चे भी मैनेजिंग डायरेक्टर बन रहे हैं।



# पटना नगर निगम का 2054 करोड़ का बजट पारित

**गंगा में क्रूज पर हुई बोर्ड की बैठक, 12 जगह पर मिलेगी वाई-फाई की सुविधा**

**पटना,एजेन्सी।** पटना नगर निगम का 2054 करोड़ का बजट पारित किया गया। सोमवार को मेयर सीता साहू की अध्यक्षता में निगम बोर्ड की बैठक गंगा में क्रूज पर आयोजित की गई। बैठक में वित्तीय वर्ष 2024-2025 का बजट पेश किया गया, जिसे सर्वसहमति से पास किया गया। बजट में हर घर नल-जल योजना पर सबसे अधिक 115 करोड़ रुपए खर्च करने का प्रावधान किया गया है। इसके अलावा, ष्टहृत्र क्लोज टीपर (कूड़ा वाहन) के लिए 18 करोड़ रुपए, स्ट्रीट लाइट और हाई मास्ट लाइट के इंस्टॉलेशन पर 3 करोड़ रुपए, पार्क में ओपन जिम के लिए 2 करोड़, स्लम डेवलपमेंट पर 10 करोड़, फायर सेफ्टी इक्विपमेंट पर 90 लाख, चौक-चौराहे पर फाउंटेन लगाने पर 5 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। मेयर सीता साहू ने कहा कि यह बजट जनता के हित है। उन्होंने कहा कि शहर से अतिक्रमण हटाना, शौचालय बनाना और उसका बेहतर रख-रखाव के साथ-साथ शहरवासियों को वाई फाई की सुविधा भी दी जाएगी। नगर आयुक्त अनिमेष कुमार पाराशर ने कहा कि वेंडर्स के लिए सुविधाएं, निगम का खुद का भवन, हर वार्ड के लिए योजनाएं, नई योजनाओं का क्रियान्वयन, डीलक्स टॉयलेट का निर्माण, अलग-अलग जोन में वाई-फाई की सुविधा आदि बजट में प्रावधान किया गया है। मई माह तक मैनहोल फ्री सिटी का लक्ष्य रखा है। इस दिशा में हम लोग आगे बढ़ रहे हैं।



## अलग अलग सड़क दुर्घटना में तीन घायल


**सिवान।** अलग-अलग जगहों पर हुए सड़क हादसे में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गये. जबकि एक की स्थिति गंभीर होने के कारण डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार के बाद पीएमसीएच रेफर कर दिया. पहली घटना हुसैनगंज थाना क्षेत्र के महुअल मोड़ के समीप की है. जहां दो बाइक की आमने-सामने की टक्कर में दोनों चालक गंभीर रूप से घायल हो गये. दोनों घायल बाइक चालकों को स्थानीय लोगों की सहायता से सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया. घायलों की पहचान रघुनाथपुर निवासी अकबर अली व शमशेर कुरैशी के रूप में हुआ है. जिसमें घायल शमशेर की हालत गंभीर होने के कारण पीएमसीएच रेफर किया गया है.दूसरी घटना सीवान तरवारा मुख्य मार्ग की है. जहां सड़क किनारे खड़े ट्रक में पीछे से बाइक सवार ने धक्का मार दिया. जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया. घायल बाइक चालक को ट्रक ड्राइवर ने सदर अस्पताल में भर्ती कराया. जहां उसकी स्थिति सामान्य बताई जा रही है. घायल बाइक चालक की पहचान तरवारा बाजार निवासी मिथिलेश कुमार बताया जाता है. घटना में बाइक पूरे तरीके से क्षतिग्रस्त हो गई है.

## मूल्यांकन कार्य नहीं करने वाले परीक्षकों पर दर्ज होगी प्राथमिकी

**सिवान।** जिले में बने पांच केंद्रों पर इंटरमीडिएट परीक्षा के कॉपियों का मूल्यांकन कार्य जारी है. परंतु कई केंद्रों पर प्रधान परीक्षक व सह परीक्षकों के योगदान नहीं करने की स्थिति में मूल्यांकन कार्य में बाधा पहुंच रही है. कई मूल्यांकन केंद्र निदेशकों ने मामले में विभाग से शिकायत किया है. जिसके बाद जिला शिक्षा पदाधिकारी राजेंद्र सिंह ने प्रधान परीक्षक व सह परीक्षक पद पर योगदान नहीं करने वाले शिक्षकों का वेतन स्थगित करते हुये प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया है. इधर डीइओ ने मूल्यांकन केंद्र वीएम उवि सह इंटर कॉलेज सीवान के मूल्यांकन केंद्र निदेशक से योगदान नहीं करने वाले प्रधान परीक्षक व सह परीक्षक की सूची मांगी है, ताकि उनके वेतन स्थगन की कार्रवाई हो सके. साथ ही ऐसे प्रधान परीक्षक व सह परीक्षक के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कराते हुये रिपोर्ट तलब किया है.

## गैस सिलेंडर चुराते दो को ग्रामीणों ने पकड़ा

**सिवान।** चैनपुर थाना क्षेत्र के मुबारक गांव स्थित एक घर में घुसकर सिलेंडर चोरी करते हुए दो चोरों को ग्रामीणों ने दबोचकर खंभे से बांध कर उसकी पहले जमकर पिटाई कर दी, फिर पानी पिलाने के बाद पुलिस के हवाले कर दिया.पुलीस के अनुसार चोरों की पहचान एम एच नगर थाना क्षेत्र के उसरी बुजुर्ग निवासी आदर्श कुमार और अर्जुन साह के रूप में हुई है.मामले की जानकारी देते हुए पीड़ित अरुण तिवारी ने बताया कि रविवार की रात उसके घर पर बरात आया हुआ था करीब 11 बजे रात को सभी लोग सो गए थे. तभी दो युवक घर मे घुसा कर गैस सिलेंडर को उठा भागने लगे. उस देख कर शोर मचाया . इसके बाद आसपास के लोगों ने उसे दौड़ाकर पकड़ लिया और उसकी जमकर पिटाई कर डाली. हालांकि बाद में उन्होंने उसे पानी भी पिलाया और पुलिस को बुलाकर उसके हवाले कर दिया. चैनपुर थाना प्रभारी श्रवण पाल ने बताया की आरोपियों पर प्राथमिकी दर्ज कर सोमवार को न्यायिक हिरासत मे भेज दिया गया .



# हर क्षेत्र में वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने से ही बनेगा विकसित भारत : सांसद सिग्रीवाल

## गुरुकुल पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव कार्यक्रम-तरंग धूमधाम से आयोजित

**दैनिक खोज खबर, एकमा (सारण)।** जिले के नगर पंचायत एकमा बाजार में छपरा-सीवान नेशनल हाईवे 531 पर स्थित गुरुकुल पब्लिक स्कूल का वार्षिकोत्सव कार्यक्रम-तरंग धूमधाम से मनाया गया। इस दौरान विज्ञान प्रदर्शनी व विविध प्रतियोगिताएं भी आयोजित हुई। बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल के चेयरमैन डॉ संजीव कुमार सिंह, डायरेक्टर रतन सिंह, प्राचार्य कोचुमन ओएस आदि के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। आगत अतिथियों का स्वागत स्कूल के निदेशक डॉ रतन सिंह ने किया।मुख्य अतिथि महाराजगंज के सांसद महारागंज के सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने कार्यक्रम में उपस्थित अभिभावकों का अभिनंदन किया। उन्होंने विद्यालय के नामकरण की सराहना करते हुए प्राचीन गुरुकुल परंपरा की याद दिलाई। उन्होंने कहा कि यह विद्यालय एनईपी-2020 के प्रावधानों के तहत बेहतर शिक्षा प्रदान कर रहा है जिसे अन्य सभी विद्यालयों में भी अपनाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि हर बच्चा कोरा कागज के समान होता है।




हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का भी कहना है कि बेटी पढ़ाओ, बेटी बढ़ाओ, इसलिए बेटियों की शिक्षा पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। सांसद श्री सिग्रीवाल ने स्कूल के बच्चों द्वारा विज्ञान प्रदर्शनी का अवलोकन करते हुए कहा कि हर क्षेत्र में आज वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने की आवश्यकता है तभी हमारा देश विकसित भारत बन सकता है। उन्होंने कहा कि आज के माहौल में विद्वता की कमी नहीं है। इस स्कूल के कई छात्र-छात्राओं ने एथलेटिक में भी अपना पंचम लहराया है। स्कूल के प्राचार्य कोचुमन ओएस ने कहा कि बिहार में विद्वता की कमी नहीं है। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं को मेडल देकर सम्मानित किया गया। स्कूल के डायरेक्टर रत्न सिंह द्वारा गणमान्य लोगों को शाल देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल, स्कूल के चेयरमैन डॉ संजीव कुमार सिंह, निदेशक रतन पूर्व प्राचार्य डॉ ओमप्रकाश सिंह, लायन मनोज वर्मा संकल्प, लायन विक्की आनंद, लायन सुशील वर्मा, रालोजपा नेता देवकुमार सिंह, लोजपा (रा) नेता कामेश्र्र कुमार सिंह मुन्ना, भाजपा नेता चैतेंद्रनाथ सिंह, जन सुराज के जिला संयोजक ब्रजेंद्र कुमार सिंह उर्फ मुन्ना भवानी, समाजसेवी योगेन्द्र शर्मा, प्रो ओम प्रकाश सिंह, भायुमो नेता गौरव सिंह किशन, अनिल वर्मा, गोल्ड मेडलिस्ट एथलीट आकाश कुमार सिंह के अलावा अन्य गणमान्य लोग, शिक्षक, अभिभावक व छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।




## चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए डॉ अनिल कुमार पीडियाट्रिशियन अवार्ड से सम्मानित

**दैनिक खोज खबर, छपरा।** चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए शहर के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉक्टर अनिल कुमार को पीडियाट्रिशियन अवार्डसे सम्मानित किया गया है। फिजिशियन संगठन ऑफ इंडिया एवं इंडियन मेडिकल एसोसिएशन, सारण के संयुक्त तत्वावधान में छपरा शहर के प्रसिद्ध फिजिशियन एवं रि - कंस्ट्रक्टिव सर्जन डॉ अनिल कुमार को छपरा के भाजपा विधायक डॉ सीएन गुप्ता द्वारा पीडियाट्रिशियन अवार्ड से सम्मानित किया गया है.डॉ अनिल कुमार चिकित्सा क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के साथ साथ समाज सेवा में भी अपना अहम योगदान प्रदान करते रहते है। समय समय पर गरीब असहाय लोगों के लिए निःशुल्क चिकत्सा शिविर आयोजित कर इलाज करते रहते है। विधायक ने उनकी सराहना करते हुए कहा की डॉ अनिल जैसे लोगों समाज में अपने कार्य से एक अच्छा संदेश देने का काम करते है, और चिकत्सा की डोर को आम लोगों में बनाए रखने में अपना अहम योगदान में अपने आप को पीछे नहीं हटते है.इस मौके पर आईएमए सारण के अध्यक्ष डॉक्टर राजीव रंजन, कोषाध्यक्ष डॉक्टर जसीमुद्दीन एवं सेक्रेटरी डॉ भानु प्रताप सिंह सहित अन्य चिकित्सक मौजूद थे।

## खौलते तेल की कड़ाही में गिरकर बच्चा झुलसा, पीएमसीएच रेफर

**एकमा (सारण)।** एकमा प्रखंड क्षेत्र के शोभन छपरा गांव में खेलने के दौरान एक तीन वर्षीय अबोध बच्चा खौलते तेल की कड़ाही में अचानक गिरकर झुलस गया। बताया जाता है कि शोभन छपरा गांव के विजयेन्द्र महतो के घर मांगलिक कार्यक्रम के लिए मिठाई बनाया जा रहा था। जहां उनका तीन वर्षीय पुत्र आदर्श कुमार अन्य बच्चों के साथ खेल रहा था। इसी बीच वह अचानक कड़ाही के खौलते तेल में आकर गिर पड़ा। तत्काल परिजनों ने आदर्श कुमार को एकमा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में लाकर उपचार के लिए भर्ती कराया। ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ.इरफान अहमद ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से झुलसे बच्चे को बेहतर चिकित्सा के लिए सदर अस्पताल छपरा भेज दिया। बताया जाता है कि सदर अस्पताल में आवश्यक चिकित्सा करने के बाद गंभीर रूप से झुलसे बच्चे को गहन चिकित्सा के लिए पीएमसीएच रेफर कर दिया है।



## प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क का सांसद ने किया शिलान्यास

**दैनिक खोज खबर, दरियापुर (सारण)।** दरियापुर थाना से लेकर ककरहत गांव तक करीब 9 किलोमीटर लंबी सड़क निर्माण का शिलान्यास स्थानीय सांसद राजीव प्रताप रूडी ने किया। इस मौके पर सांसद ने कहा कि सड़क अच्छी बननी चाहिए, उसमें कोई कोताही बरदाशत नहीं की जा सकती है। आगे कहा कि इस सड़क की जर्जर अवस्था से ग्रामीणों को काफी परेशानी हो रही थी, इसलिए इस सड़क को प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना इसे पास कराया गया। ताकि एक बेहतर और मजबूत सड़क बने सके। वही स्थानीय विधायक छोटे लाल राय ने सड़क मापदंड के अनुरूप बननी चाहिए। इस अवसर पर सुजीत कुमार उर्फ मुन्ना, भाजपा के राज्य परिषद सदस्य राकेश कुमार सिंह,रामानंद सिंह, मंटू बाबा, पवन सिंह, मोनू कुमार, पंकज कुमार, भूपेन्द्र सिंह, धनञ्जय चतुर्वेदी, नीलू देवी सहित,अजय गिरी, महेश सिंह, अखिलेश राय अन्य कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

## लोस चुनाव को लेकर प्रशिक्षण, वाहन एवं सामग्री कोषांग के कार्यो की जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने की समीक्षा

**दैनिक खोज खबर, छपरा।** आसन्न लोक सभा आम निर्वाचन को लेकर गठित विभिन्न कोषांगों द्वारा विभिन्न कार्यों को लेकर पूर्व तैयारी की जा रही है।जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिलाधिकारी अमन समीर ने अपने कार्यालय वेश्म में प्रशिक्षण कोषांग, वाहन कोषांग एवं सामग्री कोषांग के कार्यों की समीक्षा की गई।प्रशिक्षण कोषांग के संदर्भ में बताया गया कि सभी मतदान कर्मियों को प्रशिक्षण देने के लिये 310 मास्टर ट्रेनर चिन्हित किये गये हैं। सबसे पहले इन सभी मास्टर ट्रेनर को प्रशिक्षण दिया जायेगा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि प्रशिक्षण सामग्री निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित अद्यतन मानक एवं प्रावधानों के अनुरूप होना चाहिये। प्रशिक्षण छोटे छोटे बैच में कराने को कहा गया। प्रशिक्षण में प्रश्न एवं उत्तर का सत्र अनिवार्य रूप से शामिल करने को कहा गया। प्रशिक्षण हेतु जिला मुख्यालय के 5 विद्यालयों को चिन्हित किया गया है।प्रशिक्षण में अनुपस्थित पाये जाने वाले कर्मियों की अनुपस्थिति को त्वरित संज्ञान में लेने की कारगर व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। प्रशिक्षण में अनुपस्थित रहने वाले कर्मियों के यहां तत्काल स्थानीय टीम को भेजकर कारण पृच्छा की जायेगी।संतोषप्रद कारण नहीं पाये जाने पर संबंधित कर्मी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की जायेगी।वाहन कोषांग की समीक्षा के क्रम में बताया गया विभिन्न प्रकार के वाहनों की आवश्यकता का आकलन कर लिया गया है। बताया गया कि 4 विभिन्न स्थलों पर वाहन कोषांग के कार्यों का निष्पादन किया जायेगा। सभी स्थलों के लिये एक एक पदाधिकारी को नोडल पदाधिकारी के रूप में दायित्व दिया जायेगा। वाहनों में ईंधन की आपूर्त्ति हेतु अलग




अलग दिशाओं में पेट्रोल पंप को चिन्हित करने का निदेश दिया गया।वाहनों के लिये लॉगबुक का मुद्रण कराने को कहा गया।सामग्री कोषांग की समीक्षा के क्रम में बताया गया कि विभिन्न सामग्रियों की आपूर्त्ति हेतु दर एवं आपूर्तिकर्त्ता का निर्धारण निविदा के माध्यम से किया गया है। बैठक में कोषांग के वरीय पदाधिकारी उप विकास आयुक्त, जिला लोकशिकायत निवारण पदाधिकारी,प्रशिक्षण कोषांग के नोडल पदाधिकारी भूमि सुधार उप समाहर्त्ता सदर, उप निर्वाचन पदाधिकारी, जिला परिवहन पदाधिकारी, जिला आपूर्त्ति पदाधिकारी, जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी,जिला शिक्षा पदाधिकारी एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## सरकारी अस्पताल के डाक्टर ने धमकी देने वाले पर दर्ज कराई प्राथमिकी

**दैनिक खोज खबर मढ़ौरा(सारण)।** रेफरल अस्पताल में जबरदस्ती फिटनेस बनाने की दबाव देने और चिकित्वसक के मना करने पर हत्या की धमकी देने का एक मामला सामने आया है। मामले में पुलिस ने चिकित्सक के बयान एक व्यक्ति पर प्राथमिकी दर्ज किया है। प्राथमिकी में रेफरल अस्पताल के चिकित्सक डाक्टर विरेश कुमार ने कहा है कि वे एक फरवरी की संध्या आपातकालीन ड्युटी पर थे। इसी दौरान मढ़ौरा निवासी निरज गुप्ता उसके पास आए। युवक ने एक मेडिकल फिटनेस सर्टिफिकेट पर बिना आवेदक के रहते ही हस्ताक्षर करवाने का दबाव बनाने लगा। जब उसने मेडिकल फिटनेस बनवाने वाले व्यक्ति को सामने बुलाने को कहा तो युवक ने बदतमीजी की। गलत कराने के लिए धमकी देने लगा, इस दौरान हल्ला होने पर अस्पताल के कर्मी बीच बचाव किये जिससे मारपीट नहीं हुई।

## 52वीं राष्ट्रीय सिनियर महिला हैंडबॉल चैंपियनशिप हेतु बिहार टीम घोषित

**दैनिक खोज खबर, मैरवा(सिवान)।** उत्तर प्रदेश के हाथरस में आयोजित 52 वीं राष्ट्रीय सीनियर महिला हैंडबॉल चैंपियनशिप हेतु बिहार टीम की घोषणा हैंडबॉल एसोसिएशन आफ बिहार के महासचिव राणा प्रताप सिंह द्वारा कर दी गई।रानी लक्ष्मीबाई स्पोर्ट्स अकैडमी मैरवा सिवान में आयोजित पांच दिवसीय चयन सह प्रशिक्षण शिविर में बेहतर प्रदर्शन में करने वाली 16 सदस्यीय खिलाड़ियों का चयन कर बिहार टीम की घोषणा कर दी गई। रानी लक्ष्मीबाई स्पोर्ट्स अकादमी के स्पोर्ट्स इंचार्ज सलमा खातून ने बताया कि आर एल बी एस ए फाउंडेशन द्वारा प्रायोजित इस कार्यक्रम में बिहार के नालंदा, पटना नवादा , बिहार सरकार के एकलव्य प्रशिक्षण केंद्र मैरवा धाम एवं सिवान की लगभग 30 खिलाड़ियों ने चयन शिविर में अपना ट्रायल दिया था जिसमें से बेहतर प्रदर्शन करने वाली 20 खिलाड़ियों का चयन लक्ष्मीबाई स्पोर्ट्स अकादमी में 28 फरवरी से 4मार्च 2024 तक आयोजित प्रशिक्षण सह चयन शिविर में राष्ट्रीय खिलाड़ी विवेक कुमार सिंह एवं राष्ट्रीय खिलाड़ी विश्वकर्मा कुमार द्वारा




प्रशिक्षित किया गया। अंतिम रूप से बिहार टीम के लिए 16 खिलाड़ियों का चयन किया गया जो इस प्रकार है खुशबू कुमारी, चंदा कुमारी ,सुमन कुमारी, गायत्री कुमारी, गुल्ली कुमारी, सिंधु कुमारी एवं अंशु कुमारी जहां सिवान की खिलाड़ी हैं वही एकलव्य प्रशिक्षण केंद्र मैरवा धाम से प्रिया कुमारी, नीतू कुमारी, संजना कुमारी, काजल कुमारी एवं अंजली कुमारी शामिल है जबकि नवादा से सपना कुमारी नालंदा से अर्चना कुमारी एवं पटना से दो खिलाड़ी चयनित की गई है। चयनित खिलाड़ी पटना के लिए रवाना हो गई हैं जहां से वे हाथरस उत्तर प्रदेश के लिए रवाना होगी यह चैंपियनशिप 6 मार्च से 11 मार्च 2024 तक आयोजित है। इन चयनित सभी खिलाड़ियों को सिवान जिला आईएमए के अध्यक्ष डॉ शशि भूषण सिंहा, सचिव डॉ शरद चौधरी, डॉ रिता सिंहा ,डॉ संगीता चौधरी, डॉ सत्य प्रकाश, डॉ राम इकबाल प्रसाद गुप्ता, डॉ रामजी चौधरी, डॉ आरती रानी पांडेय ,डॉ आशुतोष कुमार, डॉ शंकर सिंह, डॉ आर एन ओझा सहित कई अन्य लोगों ने हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी है।



## अर्द्धसैनिक बलों के आवासन हेतु बीडीओ व थानाध्यक्ष ने एकमा हाईस्कूल में उपलब्ध सुविधाओं का किया निरीक्षण

**दैनिक खोज खबर एकमा (सारण)।** आगामी लोकसभा चुनाव को स्वच्छ , निष्पक्ष, निर्भीक व शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने को लेकर प्रशासनिक तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। इसी क्रम में सोमवार को एकमा बीडीओ डॉ सत्येंद्र पाराशर व थानाध्यक्ष उदय कुमार ने नगर पंचायत एकमा बाजार स्थित अलख नारायण सिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के परिसर में पहुंचे। इस दौरान उन्होंने स्कूल के भवन व परिसर का निरीक्षण कर चुनाव के लिए अर्द्धसैनिक बलों के आवासन हेतु उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लेने के बाद जिला प्रशासन को वर्तमान स्थलीय स्थित से अवगत कराया। बताया गया है कि स्कूल परिसर की स्थिति व सुविधाओं से जिला प्रशासन की संतुष्ट होने के बाद यहां अर्द्धसैनिक वालों के आवासन हेतु केंद्र बना दिया जाएगा। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक श्रीकृष्ण भगवान यादव सहित शिक्षक व शिक्षकेत्तर कर्मचारी भी मौजूद रहे।

## मारपीट की घटनाओं दो महिलाओं समेत सात लोग घायल

**एकमा (सारण)।** एकमा पुलिस अंचल क्षेत्र के विभिन्न गांवों में आपसी विवाद को लेकर हुई मारपीट की घटनाओं में दो महिलाओं समेत सात लोग घायल हो गए। घायलों में एकमा गांव की माया देवी, पुतुल देवी, सतीश कुमार, घुरल बांसफोर, दाउदपुर गांव के रेयाज साह, योगिया गांव के शिवम सिंह व असहनी टोला बंशी छपरा गांव के अजित कुमार सिंह शामिल हैं। सभी घायलों का प्राथमिक उपचार एकमा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में किया गया।इस संबंध में घायलों के द्वारा थाने में नामजद मामला दर्ज कराया गया है। पुलिस मामले की जांच-पड़ताल कर रही है। इस मामले में अबतक किसी भी नामजद प्राथमिकी अभियुक्त की गिरफ्तारी की सूचना नहीं है।

## 10 लीटर विदेशी शराब बरामद, कारोबारी गिरफ्तार

**दैनिक खोज खबर, एकमा (सारण)।** एकमा थाने की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर परसागढ़ बाजार में छापेमारी कर 10 लीटर विदेशी शराब बरामद किया है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई कर मौके से शराब के कारोबारी इन्दु देवी को गिरफ्तार कर लिया। बताया जाता है कि एकमा पुलिस ने आवश्यक पूछताछ के बाद गिरफ्तार आरोपित इन्दु देवी को जेल भेज दिया। बिहार में शराब बंदी कानून लागू है। बावजूद समाज विरोधी तत्वों के द्वारा गैरकानूनी तरीके से विभिन्न क्षेत्रों में शराब की तस्करी व बिक्री किया जाता है। हालांकि सारण जिले की पुलिस के द्वारा इस गैरकानूनी कार्य में संलिप्त क्षेत्र के समाज विरोधी तत्वों को लगातार गिरफ्तार कर जेल भेजने की कार्रवाई की जा रही है?।

## पंचायत समिति के बैठक में उठे कई जनसरोकार के मुद्दे

**दैनिक खोज खबर, दरियापुर(सारण)।** प्रखण्ड मुख्यालय स्थित लोहिया सभागार भवन में पँचायत समिति सदस्य की बैठक प्रमुख की अध्यक्षता में संपन्न हुई.इस बैठक में राशन कार्ड के लिए जो अप्लाई किये है लेकिन अब तक नही बन पाया है वैसे सभी आवेदक को जांच कर राशन कार्ड बनाने की प्रक्रिया शुरू करने का निर्देश एमओ को दिया गया.वही साठ हजार रुपये की आय प्रमाण पत्र बनाने में जो शपथ पत्र की मांग की जा रही है, तत्काल रोक लगाने का सदस्यों ने सीओ से मांग की.साथ ही आंगनबाड़ी केन्द्र में जो रिक्त पद है, वहां बहाली की जाये.साथ ही एजीएम द्वारा डीलर को जो अनाज दिया जा रहा है। उसमें प्रति बोरा पांच से लेकर छह किलो तक अनाज कम दिया जाता है। जिस पर सदस्यों ने आपत्ति जताई इस बैठक में बीडीओ संदीप कुमार,सीओ ,एमओ हरेन्द्र वर्मा,बीडीसी मुकेश गुप्ता,धर्मेन्द्र कुमार यादव उर्फ पारले जी,ज्ञानती देवी सहित अन्य शामिल हुए।

## पति ने पत्नी को खुरूपी से काट कर की हत्या

**दैनिक खोज खबर, मकेर (सारण)।** थाना क्षेत्र के बिक्रम कैतुका गांव में पति ने अपनी पत्नी की हत्या कर मौत के घाट उतार दिया। घटना के सम्बंध में बताया जाता है कि पति पृथ्वी चंद शर्मा दिन के दोपहर अपनी पत्नी से किसी बात को लेकर विवाद हुआ। जिसे उग्र होकर बगल में पड़ा खुरपी से ताबड़तोड़ हमला कर काट कर जख्मी कर दिया, जहाँ उसकी मौत हो गयी । घटना की सूचना मिलते ही मकेर थाना अध्यक्ष दलबल के साथ हत्यारा पति को गिरफ्तार करने का प्रयास कर रहा था तबतक उसने चालक पर हमला कर जख्मी कर दिया।काफी प्रयास के बाद उसे गिरफ्तार किया गया और पुलिस वाहन चालक को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।मृतका नीलम देवी की उम्र 35 वर्ष है। वह अपनी मायका गरखा में नर्सिंग स्टाफ का काम करती है। वह शनिवार को ससुराल बिक्रम कैतुका आयी थी।उसे तीन पुत्र है ।इस घटना से ग्रामीण काफी मर्माहत हैं ।इस संबंध में थाना अध्यक्ष योगेंद्र प्रसाद ने बताया है कि हत्यारा पति पृथ्वी चन्द्र शर्मा को गिरफ्तार कर पूछताछ की जा रही है वही मृतका पत्नी नीलम देवी की शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है।कुछ ग्रामीणों का कहना है कि वह बाहर काम करता था लेकिन पत्नी और बच्चा की देखभाल नही करता था। पत्नी कमाने और बच्चों की परवरिश करने की बात कहती थी, जिससे आजिज होकर इस घटना का अंजाम दिया। फिलहाल हत्या के कारणों की जांच करने में जुटी हैं।

## युवा उद्यमी के रूप में छपरा के युवा ई. अभिजीत श्रीवास्तव बिहार से हुए पुरस्कृत

**दैनिक खोज खबर, छपरा(सारण)।** उत्तर बिहार का प्रमुख सारण जिला मुख्यालय छपरा का निवासी ई़अभिजीत श्रीवास्तव को बिहार से युवा उद्यमी के रूप में प्रतीक चिन्ह,अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया है।बताते चले कि सामाजिक एवं रचनात्मक कार्यों की संस्था कायस्थ परिवार छपरा, सारण के संस्थापक सदस्य सामाजिक कार्यकर्ता और राष्ट्रीय मानवाधिकार न्याय आयोग, सारण के जिला प्रभारी ई़अभिजीत श्रीवास्तव को पटना में आयोजित व्यापारिक समारोह में कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि बॉलीवुड अदाकारा भाग्यश्री के द्वारा युवा उद्यमी बिहार से पुरस्कृत किया गया, जो उनकी कंपनी अभिन्नोंवेशन टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड के निर्देशक के कार्य हेतु था। ई़अभिजीत श्रीवास्तव को इस उपलब्धि के लिए कायस्थ परिवार, छपरा ,सारण के सभी संस्थापक सदस्यों राजेश कुमार सिन्हा , डॉ विद्या भूषण श्रीवास्तव , अजय सहाय , सुमन कुमार सोनू,प्रिंस राज,मुकुंद मोहन राजू मनीष कुमार सिन्हा सहित अन्य चित्रांश रूपेश नंदन,भूपेश नंदन, ब्रजेन्द्र किशोर ने बधाई दी तथा कहा कि छपरा का यह युवा उद्यमी अपने कम्पनी के माध्यम से बिहार सहित अन्य प्रांतों में एक अमिट छाप छोड़ा है तथा इनके इस उपलब्धि पर छपरा के लोगो खासकर चित्रांश बंधुओं में काफी गर्व है।पटना में एक सादे समारोह में दिए गए सम्मान के दौरान आयोजित कार्यक्रम में अभिन्नोवेशन कंपनी के सभी प्रबंधक व कर्मचारी विकास कुमार यादव , सौरभ तिवारी , अखंड प्रताप सिंह , दीपक कुमार ,अनुज हंसपाल , दिवाकर मल्होत्रा साथ ही साथ सह निदेशक अभिप्रिया श्रीवास्तव पारिवारिक सदस्य सरिता श्रीवास्तव आदित्य श्रीवास्तव एवं श्रीनिका श्रीवास्तव मौजूद थी।

# छपरा में लाभार्थी सम्मेलन आज, केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण है मुख्य अतिथि

## केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी विशिष्ट अतिथि

### पहली बार बिहार का सबसे बड़ा लाभार्थी सम्मेलन, कुल 38,504 लाभार्थियों के बीच 108257 करोड़ रुपया का होगा वितरण

### केंद्रीय मंत्रियों, उपमुख्यमंत्री व बैंक अधिकारी अमनौर से छपरा पहुंचेंगे

**दैनिक खोज खबर, छपरा ( सारण )** । छपरा के जयप्रकाश विश्वविद्यालय परिसर में मंगलवार को दोपहर 01 बजे से लाभार्थी सम्मेलन होगा। सम्मेलन में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण मुख्य अतिथि है। साथ ही केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी बतौर विशिष्ट अतिथि भी शिरकत कर रहे है। सारण सांसद राजीव प्रताप रुडी और महाराजगंज सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल के साथ ही अन्य सांसद व सेंट्रल बैंक, नाबार्ड और एसबीआई के अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशकों के साथ ही बैंकिंग क्षेत्र से जुड़े अन्य वरीय अधिकारी भी सारण के कार्यक्रम में भाग ले रहे है।



**वित्त मंत्री द्वारा लाभार्थियों को 1083 करोड़ रुपया किया जायेगा प्रदान :** लाभार्थी सम्मेलन के संदर्भ में सांसद श्री रुडी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी का मतलब है 100 प्रतिशत काम पूरा होने का वादा। मोदी सरकार ने अपने कार्यकाल के दौरान कई हितकारी योजनाओं की शुरुआत की। जनता ने भी इन योजनाओं को सफल बनाकर राष्ट्रनिर्माण की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आज के इस लाभार्थी सम्मेलन में वित्त मंत्री आवास ऋण के 170 लाभार्थियों के बीच 4176 करोड़, वाहन ऋण के 209 लाभार्थियों के बीच 3898, शिक्षा ऋण के 36 लाभार्थियों के बीच 251, अन्य खुदरा ऋण के 6,565 लाभार्थियों के बीच 20277 करोड़, मुद्रा के 922 लाभार्थियों के बीच 3236, स्टैंड-अप इंडिया के 34 लाभार्थियों के बीच 228 करोड़, पीएमस्वनिधि के 751 लाभार्थियों के बीच 165 करोड़, पीएमईजीपी के 128 लाभार्थियों के बीच 1191, अन्य एमएसएमई ऋण के 829 लाभार्थियों को 9856, केसीसी ( कॉर्पोरेशन ) के 1,746 लाभार्थियों को 1738, केसीसी (एएचडी और मछली पालन) के 158 लाभार्थियों को 246, एसएचजी के 10,420 लाभार्थियों को 26798, अन्य कृषि ऋण के 12,542 लाभार्थियों को 266.13 और अन्य ऋण के 3,994 लाभार्थियों को 9585 करोड़ रुपया प्रदान करेंगी।सांसद श्री रुडी ने कहा कि राज्य के सबसे बड़े लाभार्थी सम्मेलन में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के द्वारा स्वयं सेवी संस्थाओं को चेक प्रदान किया जाएगा। एक मायने में यह सम्मेलन कीर्तिमान भी स्थापित करेगा और इतिहास रचेगा क्योंकि, यह बिहार का सबसे बड़ा लाभार्थी सम्मेलन हो रहा है, केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का यह पहला बिहार दौरा है और पहली बार अपार संख्या में महिला लाभार्थी जुट रही है। उन्होंने बताया कि नाबार्ड द्वारा बिहार के सारण सहित 18 जिलों में पशु संसाधन और प्रशिक्षण केंद्रों के निर्माण और 200 एम्बुलेटरी वैन और 08 पशु उठाने और ले जाने के लिए पशु संसाधन और प्रशिक्षण केंद्रों के निर्माण के लिए आरआईडीएफ के तहत बिहार सरकार के पशु और मत्स्य संसाधन विभाग को 2539 करोड़ रुपये के अनुदान, जलवायु स्मार्ट हस्तक्षेप और जागरूकता के प्रदर्शन, किसानों की क्षमता निर्माण और विपणन के लिए 1365 लाख रुपये के अनुदान और कढ़ाई-कपड़ा पेंटिंग और उसके विपणन के माध्यम से एसएचजी सदस्यों की आजीविका सृजन के लिए 8.04 लाख रुपये के अनुदान की मंजूरी भी प्राप्त है।



## मशरक में नोकझोंक व हंगामे के बीच बीडीसी की बैठक संपन्न

**दैनिक खोज खबर, मशरक ( सारण )।** मशरक प्रखंड कार्यालय के सभागार में सोमवार को आयोजित बीडीसी की बैठक तीखी नोकझोंक एवं हंगामे के बीच संपन्न हुई। प्रखंड प्रमुख रवि प्रकाश सिंह मंटू की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में बनियापुर विधायक प्रतिनिधि पूर्व प्रमुख जितेन्द्र राय, उप प्रमुख रेणु देवी, मुखिया संघ अध्यक्ष अजीत सिंह, बीडीओ मो आसिफ ,सीओ सुमंत कुमार, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी डॉ वीणा कुमारी, थानाध्यक्ष धनंजय राय, मनरेगा पीओ संजय साह, कृषि पदाधिकारी राकेश कुमार सिंह, सांख्यिकी अधिकारी संजय कुमार सिंह, सहकारिता पदाधिकारी कांत कुमार, डुमरसन मुखिया बच्चा लाल साह, सोनौली मुखिया इम्तियाज खान उर्फ चुन्नू बाबू , बीडीसी संजय सिंह, पशुपालन पदाधिकारी डॉ लक्ष्मी प्रियदर्शी , महिला प्रयवेक्षिका तृप्ति रानी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मशरक के प्रबंधक अमित कुमार समेत कई अधिकारी शामिल थे। बैठक में नल जल, कृषि, शिक्षा, मनरेगा, बिजली, स्वास्थ्य, पशुपालन और आंगनबाड़ी सहित सरकार प्रायोजित कई महत्वाकांक्षी योजनाओं की समीक्षा की गई और उनसे संबंधित शिकायत पंचायत प्रतिनिधियों के द्वारा लाई गई। कवलपुरा, जजौली, डुमरसन, चांद कुदरिया समेत अन्य पंचायतों में खुलेआम शराब बिकने का मामला सामने आया। बहुआरा मठ और जजौली, सिकटी भिखम में सरकारी विद्यालय में अतिक्रमण का मुद्दा उठाया गया। मौके पर सभी विभागों के अधिकारियों ने सभी मुद्दों को सुना और समाधान का भरोसा दिलाया।

## विद्युत चोरी करने के आरोप में प्राथमिक की दर्ज, 20 उपभोक्ताओं का किया विद्युत विच्छेद

**दैनिक खोज खबर, सोनपुर ।** सोनपुर विद्युत विभाग के टीम ने अलग-अलग स्थान पर छापामारी का विद्युत चोरी करते हुए तीन लोगों को नामजद हरिहरनाथ थाना व सोनपुर थाना में प्राथमिक की दर्ज कराई है। इस बात की जानकारी देते हुए कनीय विद्युत अभियंता सूरज कुमार ने सोमवार को बताया कि सोनपुर नगर पंचायत के अंतर्गत मीना बाजार के सुदामा देवी पति विजय राय जो मैन सर्विस वायर से पहले तार को टैपिंग कर दूसरे तार द्वारा मीटर को बाईपास कर चोरी से विद्युत का उपयोग कर रहा था जिससे विभाग को 27435 //के क्षति हुई है जबकि पहलेजा शाहपुर दियारा के सियाराम राय के पुत्र विगान राय जो आईटी तार से टोका फँसा कर अवैध तरीके से विद्युत का उपयोग कर रहा था जिसे विभाग को 14240/- की क्षति हुई है वही सोनपुर मेला ग्राउंड नखास पर संजय कुमार ने इन बी0पी0डी0एससी एल के डीबी बॉक्स से तार जोड़ का अवैध तरीके से विद्युत का चोरी का उपयोग कर रहा था जो क्राफ्ट बाजार एवं निक्की हाउस झूला में उपयोग कर रहा था । विधुत चोरी करने के आरोप में समस्तीपुर जिले के बेलसरी तारा गांव के रहने वाले संजय कुमार पिता स्वर्गीय धीरन महतो के चोरी से विद्युत जलाने के कारण 66397/- की विभाग को क्षति हुई है इसके खिलाफ हरिहरनाथ थाना में नामजद प्राथमिक की दर्ज कराई गई है ।जेई सूरज कुमार ने यह भी बताया कि नगर थाना क्षेत्र के वैसे विद्युत उपभोक्ता जिनके यहां विद्युत बकाया ?5000 से अधिक था वैसे 20 उपभोक्ताओं को विद्युत विच्छेद कर दिया गया है । जिसमे जहाँगीरपुर ,राहर दियर,सबलपुर चाई टोला,चित्रसेनपुर ,शिकारपुर दरियापुर ,सोनपुर मीना बाजार के कुल 20 उपभोक्ता है । अगर विद्युत विच्छेद करने के बाद चोरी से अगर विद्युत का उपयोग करते पकड़े गए तो इन पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## एसएस पब्लिक स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी का हुआ आयोजन



**दैनिक खोज खबर तरैया ( सारण )।** प्रखंड के उसरी बाजार स्थित एसएस पब्लिक स्कूल में विज्ञान दिवस के अवसर पर विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। विज्ञान प्रदर्शनी में विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने एक से बढ़कर एक प्रोजेक्ट बनाया हुआ था। इस प्रदर्शनी में बनाए गए प्रोजेक्ट सिक्योरिटी, अलार्म, अयोध्या के राम मंदिर, सोलर सिस्टम, आईटीएम, समेत अन्य प्रोजेक्ट शामिल थे। इस दौरान प्रोजेक्ट के विजेता सभी छात्र-छात्राओं को विद्यालय प्रशासन द्वारा उन्हें पुरस्कृत किया गया। मौके पर विद्यालय के प्राचार्य नीरज कुमार सिंह, शिक्षक चंद्रभूषण तिवारी, राजेश कुमार सिंह, रणजीत पंडित, विकास कुमार, अमित कुमार, सोनू कुमार, शिक्षिका इशरत बानो, समेत अन्य शिक्षक व विद्यालय छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

**आर्केस्ट्रा देखने के विवाद में मारपीट, युवक घायल, छपरा रेफरः तरैया ( सारण )।** थाना क्षेत्र के रामपुर महेश गांव में आर्केस्ट्रा देखने के विवाद में कुछ लोगों ने एक युवक को मारपीट कर बुरी तरह से घायल कर दिया है। घायल युवक रामपुर महेश गांव निवासी 19 वर्षीय विपुल कुमार बताया गया है। जिसका प्राथमिक उपचार रेफरल अस्पताल तरैया में किया गया है। स्थानीय स्तर पर प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने घायल युवक को गंभीर हालत में छपरा सदर अस्पताल रेफर कर दिया है। जहां उसका उपचार चल रहा है। इधर पुलिस मामले की छानबीन में जुट गई हैं।

## बस की ठोकर से वृद्ध व्यक्ति की मौत, आक्रोशित लोगों ने किया प्रदर्शन

**दैनिक खोज खबर, तरैया ( सारण )।** थाना क्षेत्र के तरैया-अमनौर एसएच-104 मुख्य सड़क पर गतरात्रि मुरलीपुर नट बस्ती के समीप अनियंत्रित बस की ठोकर से एक वृद्ध व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक मुरलीपुर गांव स्थित नट बस्ती के बुधु नट बताया जाता है। घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने तरैया-अमनौर एसएच-104 मुख्य सड़क को जाम कर बस व चालक को पकड़ने का प्रयास करने लगे तथा मुआवजे की मांग करने लगे। घटना की सूचना मिलते ही तरैया थानाध्यक्ष आशुतोष कुमार सिंह घटनास्थल पर दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और स्थानीय जनप्रतिनिधियों के सहयोग से आक्रोशितों को समझाने बुझाने का प्रयास करने लगे। थानाध्यक्ष व पैक्स अध्यक्ष प्रत्युष प्रकाश उर्फ राहुल सिंह, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि मो.आजाद उर्फ टनटन, सरपंच प्रतिनिधि सुदीश कुमार समेत अन्य ग्रामीणों व जनप्रतिनिधियों के सहयोग से आक्रोशितों को समझा-बुझाकर घंटों बाद जाम हटाया गया। जिसके बाद पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए छपरा सदर अस्पताल भेजा। ग्रामीणों ने बताया कि मृतक के घर में शादी समारोह थी। शादी समारोह में किसी काम से बुधु नट जैसे ही सड़क पर पहुंचा कि एक अनियंत्रित बस के चालक ने उन्हें ठोकर मार दी और फरार हो गया। इधर पुलिस मामले में आगें की जांच और कार्रवाई में जुट गई हैं।

## महाशिवरात्रि के लेकर पहलेजाघाट थाना परिसर में हुई शांति समिति की बैठक

**दैनिक खोज खबर, सोनपुर ।** महाशिवरात्रि पर्व को लेकर पहलेजाघाट थाना परिसर में थाना अध्यक्ष श्वेता कुमारी ने थाना क्षेत्र के सभी जनप्रतिनिधियों, बुद्धिजीवियों, समाजसेवियों के साथ बैठक कर शांतिपूर्ण तरीके से शिवरात्रि पर्व को मनाने की अपील की। उन्होंने बताई की 8 मार्च को शिवरात्रि पर्व है । शिवरात्रि पर्व में किसी प्रकार के अप्रिय घटना ना हो इसके लेकर जुलूस निकालने वाले समिति सदस्यों को पूरी जिम्बेवारी रहेगी कि वह जुलूस के दौरान हर गतिविधियों पर कड़ी नजर रखें।उन्होंने कहा कि यदि थाना क्षेत्र में किसी भी व्यक्ति को कोई भी शिकायत हैं तों उनसे मिल कर अपनी शिकायत रख सकते हैं। इस मौके पर अपर थाना अध्यक्ष संतोष कुमार,एसआई पुर्णिमा कुमारी, अजीत कुमार सहित अन्य थाना कमी साहित सरपंच मुकेश कुमार, रमाकांत महतो ,हीरालाल चौधरी मुखिया प्रतिनिधि अवधेश राय ,अनिल राय ,मोहम्मद शमीम ,सुरेश सिंह, हरेंद्र ,राहुल ,सतेंद्र, उदय ,पप्पू मोहन, जयप्रकाश ,देवानंद, धर्मेंद्र, बच्चा राय सहित ग्रामीण लोग मौजूद रहे।



## मशरक में जीविका दीदियों ने मतदान को लेकर निकाली जागरूकता रैली, दिलाई शपथ

**दैनिक खोज खबर, मशरक ।** लोकसभा चुनाव में मतदाताओं द्वारा शत प्रतिशत मतदान करने को लेकर मशरक के मदारपुर , गंगौली, हनुमानगंज, डुमरसन, अरना, चांद कुदरिया में जागरूकता रैली निकाली गई और शत प्रतिशत मतदान करने को लेकर लोगों से शपथ दिलाई गई। मौके पर जीविका के बीपीएम संजीव कुमार समेत अन्य मौजूद रहें। बीडीओ मो.आसिफ ने बताया कि ग्रामीण स्तर पर जीविका दीदी एक महत्वपूर्ण अंग है। जो समाज को बांधने का काम करती है। सभी घर घर-घर जाकर मतदान के बारे में लोगों को जागरूक करेंगे। सभी को समझना चाहिए कि मतदान के दिन परिवार के सभी लोग अपने मत का इस्तेमाल करेंगे। जागरूकता रैली के दौरान सभी ने मतदान करानें की शपथ ली।



## मशरक के गोपालवाड़ी में दो दिवसीय अखंड अष्टयाम भव्य कलशयात्रा के साथ शुरू

**दैनिक खोज खबर, मशरक ( सारण )।** मशरक नगर पंचायत क्षेत्र के गोपालवाड़ी गांव में दो दिवसीय अखंड अष्टयाम की शुरुआत भव्य कलशयात्रा से की गयी। आचार्य श्री राम तिवारी ने वैदिक मंत्रोच्चार से यज्ञ मंडप से कलशयात्रा निकाली जो महाराणा प्रताप चौंक, महावीर चौंक, सिदधात्री मंदिर चौक, अस्पताल चौक, थाना परिसर स्थित राम जानकी शिव मंदिर परिसर में पहुंची जहां विधिवत पूजन कर आचार्य श्री राम तिवारी ने यजमान श्याम बहादुर सिंह और धर्मपत्नी सरिता देवी की मौजूदगी में पवित्र कलश में जल बोझी कराई गई। मौके पर पूर्व जिला पार्षद पुष्पा सिंह, आर्मी जवान संजय सिंह, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि रौशन सिंह उर्फ मुखिया, दीपक कुमार सिंह,मनीष कुमार सिंह, डब्लू सिंह, पप्पू सिंह, गुड्डू सिंह समेत अन्य मौजूद रहें। जल बोझी के बाद कलशयात्रा इलाके का भ्रमण करते हुए यज्ञ मंडप में पहुंची जहा विधिवत पूजा अर्चना के बाद दो दिवसीय अखंड अष्टयाम की शुरुआत कराई गई। मौके पर डब्लू सिंह ने बताया कि दो दिवसीय अखंड अष्टयाम का समापन 5 मार्च की शाम में भव्य हवन पूजन के बाद की जाएंगी वहीं राम विवाह का कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।



## सीएचसी मशरक में चिमनपुरा का युवक अचेतावस्था में भर्ती, सदर रेफर

**मशरक ( सारण )।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मशरक में सोमवार को अचेतावस्था में इलाज के लिए पानापुर थाना क्षेत्र के चिमनपुरा गांव के युवक को भर्ती कराया गया जहां उसकी पहचान चिमनपुरा गांव के विकास कुमार के रूप में हुई। ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार कर गंभीर हालत में सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया गया। अचेतावस्था में युवक के परिजनों ने बताया कि युवक कुछ विषैला पदार्थ का सेवन कर लिया जिसे अचेतावस्था में इलाज के लिए सामुदायिक निजी क्लीनिक में भर्ती कराया गया जहां से गंभीर हालत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मशरक में भर्ती कराया गया जहां उसकी हालत गंभीर बनी देख बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया गया। चिकित्सक ने बताया कि युवक की हालत गंभीर बनी हुई है।

## मुकरेड़ा की टीम ने बसडिला को हराकर कप पर जमाया कब्जा

**दैनिक खोज खबर, मांझी।** प्रखंड के मदनसाठ गांव में आयोजित एकदिवसीय शहीद रामबाबू सिंह मेमोरियल बॉलीवाल प्रतियोगिता में मुकरेड़ा की टीम ने बसडिला को हराकर बाजी अपने नाम कर ली। विदित हो कि इस गांव में यह प्रतियोगिता शहीद रामबाबू सिंह के स्मृति में विगत 25 वर्षों से होता आ रहा है। सोमवार को सम्पन्न हुई इस प्रतियोगिता का बड़ी संख्या में लोगों ने आनंद उठाया। मौके पर पूर्व विधानसभा प्रत्याशी राणा प्रताप सिंह उर्फ डब्लु सिंह, मढ़ौरा मुखिया संघ के अध्यक्ष तथा चेयरमैन सारण डिस्ट्रिक्ट सेंट्रल कापरेटिव बैंक परमात्मा राय, विवेक सिंह, लोजपा नेता रौशन सिंह भवानी, स्थानीय पैक्स अध्यक्ष संतोष सिंह, घोरहट पैक्स अध्यक्ष गुडु सिंह, कुमना पैक्स अध्यक्ष विकास सिंह, मदारपुर पैक्स अध्यक्ष उपेंद्र सिंह उपस्थित थे।

## मारपीट में जख्मी किशोरी की बिगड़ी तबीयत, रेफर

**पानापुर( सारण )।** थाना क्षेत्र के बिजौली गांव में शनिवार की दोपहर मारपीट में घायल किशोरी की स्थिति गंभीर देख सोमवार को चिकित्सकों ने छपरा रेफर कर दिया ब्रताया जाता है कि शनिवार की दोपहर दो पक्षों के बीच हुई मारपीट में चुन्नीलाल राम की 18 वर्षीया पुत्री पुतुल कुमारी गंभीर रूप से घायल हो गयी थी प़रिजन उसका गांव में ही निजी चिकित्सक से इलाज करा रहे थे स्थिति खराब होने पर सोमवार को परिजन उसे इलाज के लिए सीएचसी पानापुर लाये जहां गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने प्रारंभिक उपचार के बाद उसे छपरा रेफर कर दिया.

## स्वास्थ्य कर्मी महिला के साथ मारपीट करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

**दैनिक खोज खबर, सोनपुर।** सबलपुर पछियारी स्वास्थ्य केंद्र के स्वास्थ्य कर्मी महिला के साथ मारपीट और छेड़खानी के मामले में सोनपुर पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस बात की जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष राजनंदन ने सोमवार को बताया कि जेल भेजे गए आरोपी सबलपुर पछियारी टोला के हरेंद्र भगत और हरिहर पासवान है। थाना अध्यक्ष ने यह भी बताया कि थाना क्षेत्र के सबलपुर पछियारी टोला स्थित स्वास्थ्य केंद्र में एक महिला स्वास्थ्य कर्मी के साथ छेड़खानी एवं मारपीट की घटना 10 दिन पूर्व हुई थी जिसमें बदमासो ने लाठी डंडे ईट से मारकर घायल कर दिया था उसके साथ बतमीजी भी किया था ।मारपीट के कारण महिला बुरी तरह से घायल हो गयी थी ।गंभीर हालत को देखते हुए सोनपुर अनुमंडलीय अस्पताल के डॉक्टर ने पटना पीएमसीएच रेफर कर दिया था जहां पीड़ित के बयान के आधार पर 5 अज्ञात लोगों के विरुद्ध प्राथमिक दर्ज कराया गया था ।अनुसंधान के क्रम में चिन्हित कर दो लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है ।शेष बचे तीन अभियुक्त को भी चिन्हित कर लिया गया है और निकट भविष्य में इनकी भी गिरफ्तारी कर ली जाएगी ।

## एमडीएच हाई स्कूल में लगे आरो सिस्टम को सांसद सिग्रीवाल ने किया उद्घाटन



**दैनिक खोज खबर, बनियापुर ( सारण )।** बनियापुर के एमडीएच हाई स्कूल महाराजगंज लोकसभा के सांसद जनार्दन सिंह सिग्रीवाल ने स्कूल में लगे आरो सिस्टम का फीता काट कर उद्घाटन किया। वही सांसद बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि अब स्कूल के बच्चों को शुद्ध पानी मिलेगा। जिससे कई बीमारियों से बचने में ये पानी मजबूती देगा सेहत को यह बहुत ही फायदामंद साबित होगा। साथी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कई योजनाओं की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि इस बार आने वाली लोकसभा चुनाव में एक बार फिर से मोदी को प्रधानमंत्री बनाना है तो सिग्रीवाल जितना पड़ेगा। तभी 400 सौ पार होना सम्भव है उन्होंने कहा कि आने वाले समय में इस स्कूल में कॉमन बच्चों को पढ़ने के लिए कॉमन रूम बनाया जाएगा तथा आधुनिक तरीकों से इसको लैस किया जाएगा जिससे बच्चों को पढ़ने में कोई समस्या ना हो।मौके पर बनियापुर के एनडीए प्रत्याशी वीरेंद्र ओझा वरिष्ठ भाजपा नेता पूर्व जिला परिषद बृजमोहन सिंह, जिला परिषद टुनटुन पटेल, एमडीएच हाई स्कूल के प्रधानाध्यापक विजय कुमार दक्षिणी मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र शर्मा सुनील सिंह मंडल महामंत्री दीप चतुर्वेदी डॉ अल्ताफ हुसैन कांतु ठाकुर समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

## बनियापुर पुलिस ने हर्ष फायरिंग करने वाला गिरफ्तार

**बनियापुर ( सारण )।** बनियापुर थाना क्षेत्र के पांडेपुर में गुप्त सूचना के आधार पर? हर्ष ? फायरिंग और अवैध हथियार के विरुद्ध सारण पुलिस द्वारा लगातार अभियान चलाया जा रहा है इसी क्रम एक व्यक्ति समेत 2 जिंदा कारतुस एवं 16 खोखा के साथ गिरफ्तार किया गया ।घटना के संबंध में थाना अध्यक्ष आशुतोष कुमार ने बताया की गुप्त सूचना मिली की राणा कुमार सिंह, पिता बृजकिशोर सिंह पांडेयपुर निवासी एक व्यक्ति आपसी विवाद को लेकर फायरिंग कर रहा है। उक्त सूचना पर आवश्यक कार्रवाई करते हुए बनियापुर पुलिस दलबल के साथ पहुंच कर 2 जिंदा कारतुस एवं 16 खोखा के साथ राणा कुमार सिंह, पिता बृजकिशोर सिंह पांडेयपुर निवासी को गिरफ्तार किया गया है। इस संबंध में आर्म्स एक्ट दर्ज कर अग्रतर कार्रवाई की जा रही है। टीम में बनियापुर थाना अध्यक्ष समेत अन्य पुलिस कर्मी शामिल थे।

## एक युवक को अवैध रूप से वाहन चालकों से पैसे की वसूली करने के आरोप में किया गिरफ्तार

**दैनिक खोज खबर, सोनपुर।** सोनपुर पुलिस ने एक युवक को अवैध रूप से वाहन चालकों से पैसे की वसूली करने के आरोप में जहांगीरपुर से गिरफ्तार कर लिया । इस बात की जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष राजनंदन ने सोमवार को बताया कि एक व्यक्ति के द्वारा पुलिस कंट्रोल को सूचना दी गई थी की थाना क्षेत्र के लालू यादव मोड़ के निकट सोनपुर बाईपास में चार-पांच लोगों के द्वारा आने जाने वाले वाहनों को रोककर डीटीओ के नाम पर वाहनों का पेपर चेक किया जा रहा था और अवैध रूप से पैसे की वसूली की जा रही है ।इस संबंध में पुलिस कंट्रोल से सूचना प्राप्त होने के तुरंत बाद त्वरित कार्रवाई करते हुए घटना में शामिल मिथिलेश कुमार पिता ब्रजभूषण राय घर जहांगीरपुर को चिन्हित करते हुए गिरफ्तार किया गया एवं उनके निशान देही पर चार अन्य लोगों को चिन्हित किया गया है । निकट भविष्य में उनकी भी गिरफ्तारी कर ली जाएगी।

# सिवान : 2.30 करोड़ में बस स्टैंड तो 18.25 लाख में राजेंद्र उद्यान पार्क का हुआ डाक

- नगर परिषद स्थित सभाकक्ष में आयोजित की गयी बंदोबस्ती
- सभी प्रक्रिया की करायी गयी वीडियोग्राफी, काफी संख्या में लोगों ने लिया भाग




**परवेज़ अख्तर/दैनिक खोज खबर, सिवान।** नगर परिषद की सैरातों की बंदोबस्ती के लिये सोमवार को नप के सभाकक्ष में बोली लगायी गयी. इसमें पहले दिन अधिकारियों और जन प्रतिधिनियों की मौजूदगी में तीन सैरातों की बंदोबस्ती की गयी. जहां 2.30 करोड़ में मौलाना मजहरूल हक बस स्टैंड तो 18.25 लाख में राजेंद्र उद्यान पार्क का डाक किया गया. सभी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी भी करायी गयी. इस दौरान काफी संख्या में लोगों ने भाग लिया. सबसे पहले मौलाना मजहरूल हक बस स्टैंड की डाक लगाने के लिये बोली शुरू हुयी.इस प्रक्रिया में सात लोगों ने भाग लिया और बोली लगाने की प्रक्रिया शुरू की. सबसे अधिक बोली लगाने वाले श्रीनगर निवासी चंद्रेश्वर यादव को 2 करोड़ 30 लाख 43 हजार में बंदोबस्त कर दिया गया. पिछले वित्तीय वर्ष में बस स्टैंड की बंदोबस्ती 2 करोड़ 30 लाख एक हजार रूपये में हुयी थी. वहीं राजेंद्र उद्यान पार्क कैफे एरिया के लिये पांच लोगों ने बंदोबस्त प्रक्रिया में हिस्सा लिया. इसमें सबसे अधिक बोली लगाने वाली अनुराधा कुमारी को 18 लाख 25 हजार रूपये में बंदोबस्त कर दिया गया है. रिक्शा, साइकिल और ठेला के लिये चार लोगों को भाग लेना था लेकिन एक व्यक्ति के अनुपस्थित रहने पर तीन लोगों ने बोली लगायी.इसमें सबसे अधिक बोली लगाने वाले संजय कुमार यादव को 3 लाख 72 हजार 500 रुपये पर बंदोबस्त कर दिया गया. मुख्य पार्षद सेंपी देवी ने बताया कि बस स्टैंड से 2 करोड़ 30 लाख 43 हजार रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ है. कार्यपालक पदाधिकारी मनीष कुमार ने बताया कि शेष सैरातों की बंदोबस्ती अगले तिथि 6 और 7 मार्च को किया जायेगा.

## फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**सिवान।** दरौंदा थाना के सतजोड़ा से मारपीट के मामले में फरार चल रहे एक अभियुक्त को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है. बतादें कि थाना कांड संख्या 48/24 मारपीट के मामले में मुन्द्रिका महतो कई दिनों से फरार चल रहा था. रविवार की संध्या गश्त करने के लिए दरौंदा थाना प्रभारी गए थे. जिन्होंने छापेमारी करते हुए सतजोड़ा से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया. इस गिरफ्तार अभियुक्त को पुलिस ने सोमवार को जेल भेज दिया.

# नौ दिवसीय चल रहे हरिहरात्मक महायज्ञ में पहुंचे मंत्री प्रेम कुमार व डीआईजी कुमार वैभव

### मनुष्य 84 लाख योनि में सबसे श्रेष्ठ है -- जगतगुरु गुप्तेश्वर जी महाराज

**दैनिक खोज खबर,सोनपुर ।** हरिहर क्षेत्र की भूमि पर चल रहे 9 दिवसीय हरि हरात्मक महायज्ञ में प्रतिदिन हजारों की संख्या में यज्ञ मंडप में महिला पुरुष संत महात्मा परिक्रमा कर रहे हैं। यज्ञ मंडप स्थित विशाल प्रतिमा बजरंग बली सहित 51 देवी देवताओं को प्रतिमा की पूजा अर्चना करते हुए सभी श्रद्धालु भक्त भक्ति के सागर में डूबकी।लगा रहे हैं वहीं 9 दिनों तक मुख्य मंच पर कथा वाचक चिन्ताहरण जी महाराज व जगतगुरु गुप्तेश्वर जी महाराज द्वारा कथा कह रहे हैं तो वहीं संध्याकालीन प्रतिदिन नामचीन कलाकारों द्वारा भक्ति गीत संगीत गाकर पूरे वातावरण भक्तिमय बना दे रहे हैं। सोमवार की दिन कथा वाचक जगतगुरु गुप्तेश्वर जी महाराज ने स्रोताओं को रामकथा सुनाते हुए भरत मिलाप प्रसंग में कहा कि आज के कलियुग में भाई, भाई के दुश्मन बने हुए हैं परन्तु त्रेता युग में भरत का चरित्र सर्वोपरि है। भाई मर्यादा पुरुषोत्तम राम के लिए अगाध प्रेम



का निर्वहन ,भाई भरत द्वारा जो हुआ है वह अकल्पनीय है। भरत ने अपने भाई मर्यादा पुरुषोत्तम के लिए अपने राजपाट को कौन कहे अपनी मां कैकेई को भी त्याग दिया।भाई के प्रति समर्पण आज के कलियुगी स्वार्थ, लालच,लोभ , अहंकार, घमंड सब को दरकिनार करते हुए जो प्रेम दर्शाया है वह अनुकरणीय के साथ - साथ वंदनीय भी है। मंच पर साधु संत सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें बनारस, अयोध्या, मथुरा ,काशी ,गया सहित अन्य जगहों के विद्वान संत महात्माओं का आगमन हुआ। इस संत सम्मेलन के दौरान नौलखा मंदिर के जगतगुरु लक्ष्मणचार्य जी महाराज ,लोक सेवा आश्रम के संत मौनी बाबा सहित कुल 11 संत महात्माओं ने संत सम्मेलन में धर्म से संबंधित श्रोताओं को सुनते हुए वैदिक मंत्र उच्चारण कर पूरे हरिहर क्षेत्र की भूमि को भक्तिमय बना दिया । जगतगुरु गुप्तेश्वर पांडे जी महाराज ने स्रोताओं को कहा कि मनुष्य 84 लाख योनि में सबसे श्रेष्ठ है। तमोगुण चेतन वाले मनुष्य व पशु में कोई अंतर नहीं होता है। रजोगुणी चेतना वाले मनुष्य के अनंत कामनाएं व प्रचंड अहंकार होता है ।ऐसे अहम जीवों के कल्याण के लिए भी राम का नाम के स्मरण करने से अपने परम लक्ष्य को पा सकते हैं ।उन्होंने स्रोताओं को राम कथा सुनते हुए कहा कि पुरुषोत्तम श्री राम जिन्होंने जंगल में मनुष्यता के भाव का दर्शन कराया वहीं हम सबके आराध्य भगवान श्री राम है। जगत पिता भगवान राम ने हम सबको दृष्टि दी है वही संसार के दुष्टा है ।पूरी दुनिया भगवान के नाखून के धूल के कन से भी छोटी है ।इसके आगे उन्होंने श्रद्धालुओं को बताया कि मनुष्य भगवान के शरण में जाए तो उसका कल्याण निश्चित है । हरिहरात्मक महायज्ञ में बिहार सरकार के मंत्री प्रेम कुमार एवं भागलपुर और मुंगेर डीआईजी कुमार वैभव ने सोनपुर पहुंचे जहां हरिहरात्मक महायज्ञ के सदस्यों ने उन्हें पुष्पगुच्छ व अंग वस्त्र , हरिहरनाथ के प्रतीक चिन्ह देकर उन्हें स्वागत किया। सांध्यकालीन अजीत आनंद भोजपुरी गायक द्वारा. एक से बढ़कर एक भक्ति गीत गाकर श्रोताओं को भक्ति के सरोवर में गोता लागा दिया।

## गोविंदापुर में फणिश्वर नाथ रेणु की मनायी गयी जयंती

**सिवान ।** हिन्दी साहित्य में आंचलिक विधा को जन्म देने वाले और अपनी लेखनी के जरिये सुशोभित करने वाले देश के प्रख्यात लेखक फणिश्वर नाथ रेणु की सोमवार को अखिल भारतीय धानुक एकता महासंघ सीवान द्वारा जयंती मनाई गई. जयंती पर मौजूद लोगों ने उनके तैल चित्र पर पुष्प अर्पित किया. इस अवसर पर एक सभा का आयोजन हुआ.धानुक एकता महासंघ के जिलाध्यक्ष कमलेश भारती ने कहा कि रेणु की रचना मारे गये गुलफाम पर तीसरी कसम फिल्म भी बनी. फणिश्वर नाथ रेणु की कृतियों में प्रेमचंद की छाप नजर आती है. कहना गलत न होगा कि प्रेमचंद से प्रभावित होकर ही रेणु ने ग्रामीण जनजीवन को अपनी रचनाओं का आधार बनाया. मौके पर मुखिया सुरेंद्र महतो, पूर्व मुखिया वीरेंद्र महतो, पूर्व बीईओ ललन महतो, वीरेंद्र महतो, धर्मनाथ महतो, राजेंद्र महतो, दीपक महतो, धनेश महतो, सोनू कुमार, उपेंद्र कुमार, शिवजी महतो, श्याम सुंदर महतो, मनीष महतो, पवन कुमार, मुन्ना महतो, अजय महतो इत्यादि लोग उपस्थित रहे.

## महाशिवरात्रि पर प्रवचन और रामलीला 7 मार्च से

**दैनिक खोज खबर,गड़खा(सारण)।** गड़खा प्रखंड के कमालपुर में महाशिवरात्रि पर 7 मार्च से पूजन, प्रवचन और रामलीला का आयोजन संत श्रीधर दास जी महाराज के नेतृत्व में किया।आयोजनकर्ता रामबाबू राय ने बताया कि 7 मार्च को कलश यात्रा , 8 मार्च से सुंदरकांड पाठ पूजन , संत श्रीधर बाबा और उनके शिष्य मुरारी स्वामी का प्रवचन और रामलीला का आयोजन प्रतिदिन किया जाएगा। कार्यक्रम की पूर्णाहुति 16 मार्च को होगी ।जिसमें शाम में भव्य भंडारा का आयोजन किया जाएगा। जयप्रकाश राय , राजेन्द्र राय , सत्येंद्र राय ,लक्ष्मण प्रसाद, रामजी प्रसाद, सिकंदर प्रसाद, शिक्षक अरुण शाह, प्रोफेसर योगेन्द्र राम, सुशील शर्मा, अवध प्रसाद , बीरेंद्र साह, बीरबल यादव श्री कुसुम शर्मा, श्री राम राय, हरि ,मोहन राय, विधान राय सहित सभी ग्रामीण यज्ञ की तैयारी में जुट गए हैं।

## सड़क दुर्घटना में मृत व्यक्ति के परिजनों ने थाने में दिया आवेदन

**सिवान।** नौतन थाना क्षेत्र के मठिया बांका मोड़ रहीमपुर महावीर मंदिर के समीप सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत हो गई थी. इस मामले में परिजनों ने अज्ञात वाहन के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने के लिए आवेदन दिया है. बताते चलें कि 29 फरवरी की संध्या मठिया बंका मोड़ पक्की सड़क के किनारे रहीमपुर महावीर मंदिर के समीप एक चार पहिया वाहन ने अंगौता निवासी टुन्ना शाही उर्फ शैलेश कुमार शाही को ठोकर मार दिया था.जहां उनकी मौत हो गई थी. जिसके बाद वाहन चालक वाहन लेकर फरार हो गया था. इधर इस मामले में परिजनों ने आवेदन देकर अज्ञात वाहन के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी हैं. थाना प्रभारी अशोक कुमार द्विवेदी ने बताया कि मृत शैलेश कुमार शाही के भाई मिथिलेश शाही के लिखित बयान के आधार पर एफआईआर दर्ज कर मामले की छानबीन की जा रही है.

## आयुष्मान कार्ड बनाने को लेकर दो पक्षों में मारपीट, तीन घायल

**सिवान।** नौतन थाना क्षेत्र के हसुआं में आयुष्मान कार्ड बनवाने पहुंची महिला के साथ अश्लील हरकत करने को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई. जिसमें दोनों पक्षों से तीन लोग घायल हो गए. घायल महिला मीना देवी ने थाने में लिखित आवेदन देकर गांव स्थित जनवितरण प्रणाली दुकानदार पर आरोप लगाते हुए बताया कि आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए डीलर के यहां गई थी. जब डीलर से इसके बारे में जानकारी मांगी तो भड़क गए और मेरे साथ बदतमीजी करने लगे. मेरे मना करने पर भद्दी भद्दी गालियां देने लगे तथा उनके घर के अन्य सदस्य लाठी डंडे से हमला कर दिये. जिसके बाद गिर गई.यह देख मेरा पुत्र पवन कुमार बीच बचाव करने पहुंचा तो उसके गले से सोने का चेन तथा जेब से नकद पचास हजार रुपए छीन लिया. घायल का इलाज स्थानीय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में कराया गया. वहीं दूसरे पक्ष के घायल का इलाज सदर अस्पताल सीवान में चल रहा है. थाना प्रभारी अशोक कुमार द्विवेदी ने बताया कि एक पक्ष से मीना देवी द्वारा आवेदन मिला है. मामले की छानबीन कर उचित कार्रवाई की जाएगी.

## लक्ष्मी महायज्ञ को लेकर निकाली कलश यात्रा, 1008 कन्यायें हुईं शामिल

**सिवान।** बड़हुलिया टोला दुर्गा मंदिर जीरादेई में श्री लक्ष्मी महायज्ञ सह चतुर्थ वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया है. इस उपलक्ष्य में यज्ञ स्थल से सोमवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई. यात्रा में क्षेत्र की 1008 कन्यायें कलश यात्रा में सम्मिलित हुई. यात्रा में झांकी, रथ, हाथी, घोड़े, बैंड बाजे, डीजे व बैनर पोस्टर आकर्षण का केंद्र रहा. जयकारे से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया था. यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं के लिए पानी, शर्बत, मिठाई सहित अन्य प्रकार की स्टॉलें ग्रामीणों द्वारा लगाई गई थी.यज्ञाचार्य पंडित लक्ष्मी निधि मिश्र ने बताया कि यह महायज्ञ सोमवार से प्रारंभ होकर शुक्रवार को पूर्णाहुति के साथ संपन्न होगा. महायज्ञ में दिन में राम लीला व रात्रि में रास लीला का आयोजन किया गया है. इसके अतिरिक्त सभी श्रद्धालुओं के लिए 24 घंटे भंडारे भी चलाये जायेंगे. यात्रा यज्ञ स्थल से चल कर भरौली सोना नदी में जल भरी किया गया. मुख्य यजमान जनार्दन सिंह व उमा देवी हैं. यज्ञाध्यक्ष श्री श्री 1008 श्री रामनारायण दास जी महाराज हैं. मौके पर गोलू पांडेय, अनुज पांडे, प्रकाश तिवारी, सत्यम शुक्ल, मनीष मिश्र व त्रिभुवन पांडेय सहित यज्ञ समिति के प्रेमचंद सिंह, मिथलेश सिंह, संजय सिंह, सुभाष पंडित सहित अन्य शामिल रहे ।

# ट्रैक्टर पलटने चालक की मौत, दूसरा गंभीर रूप से घायल

### ईंट लाने के लिए जा रहे थे दोनों युवक, मामला आंदर थाना के तियांय बाजार के समीप की

**सिवान।** आंदर थाना क्षेत्र की तियांय बाजार के समीप अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर पलटने से एक युवक की मौत हो गई. जबकि दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया. मृतक की पहचान पड़री लक्ष्मी राम गांव निवासी ओसिहार यदाव के पुत्र अमित कुमार यादव (22) के रूप में की गई. वहीं घायल हिमांशु कुमार हैं.घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि अमित गांव के ही एक व्यक्ति का ट्रैक्टर चलाता था. सोमवार की सुबह अंबिका चौधरी की चिमनी से अमित और हिमांशु ईंट लाने के लिए जा रहे थे. अभी वे लोग तियांय बाजार के समीप पहुंचे हीं थे कि तेज रफ्तार ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया. जिसमें दोनों गंभीर रूप से घायल हो गये. स्थानीय लोगों ने आनन फानन में दोनों को बाहर निकाला और इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया. जहां चिकित्सकों ने अमित को मृत घोषित कर दिया. जबकि हिमांशु का इलाज चल रहा है.इधर जैसे ही इस घटना की सूचना मृतक के परिजनों को लगी, सदर अस्पताल में पहुंच दहाड़ मारकर रोने गले. सूचना पर पहुंची नगर थाना की पुलिस ने शव का पंचनामा किया गया और घायल के परिजनों का फर्द बयान लिया गया. जिसके बाद कागजी कार्रवाई पूरी कर शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया गया. इधर सोमवार की संध्या अमित का शव उसके पैतृक गांव पड़री पहुंचते ही माहौल गमगीन हो गया ।

### तीन भाइयों में सबसे छोटा था मृतकः

बताते चलें कि मृतक तीन भाइयों में सबसे छोटा था जो परिवार के पालन पोषण के लिए ट्रैक्टर चलाने का काम करता था. परिजनों ने बताया कि इसके बड़े भाई का भी कुछ दिन पहले रोड एक्सीडेंट में ही मौत हो गई थी. आज यह भी चल पड़ा. अब घर का चिराग जलाने के लिए इसका एक ही भाई बचा है.

### घटना की पुलिस कर रही जांचः

घटना के बाद स्थानीय पुलिस को घायल ही होने का सूचना थी. लेकिन पुलिस को जैसे ही अमित की मौत की सूचना लगी, पुलिस घटनास्थल पर पहुंच मामले की जांच में जुट गई. पुलिस का कहना है कि आखिर घटना कैसे हुई है इसकी जांच की जा रही है ।

## महाराजगंज में 12 करोड़ 30 लाख से बनने वाले रेक प्वाइंट कार्य की मिली स्वीकृति

**सिवान।** महाराजगंज रेंक प्वाइंट कार्य की स्वीकृति मिल गयी है. सांसद जनार्दन सिंह सीग्रीवाल ने महाराजगंज रेलवे स्टेशन परिसर में सोमवार को प्रेस वार्ता करते हुए उक्त बातें कहीं. सांसद ने कहा कि महाराजगंज के लिए यह एक नई सौगात है. रेल रेंक प्वाइंट हो जाना महाराजगंज का यह स्वर्णिम युग प्रारंभ होगा. जब यहां रेंक प्वाइंट पर कार्य शुभारंभ हो जाएंगे. हजारों की संख्या में लोगों को रोजगार मिलेंगे. व्यापारियों को रेल के माध्यम से आने वाले वस्तुओं को लेने के लिए बहुत दूर नहीं जाने पड़ेंगे, बल्कि उनके घर में रेल के माध्यम से वह चीज आ जाएगी जो वह सुदूर से मंगवाते थे, और सुदूर से जाकर के लाते थे उनके लिए यह बहुत ही सुनिश्चित और अपने घर में यह व्यवस्था मिलेगी.सीग्रीवाल ने बताया कि 12 करोड़ 30 लाख रुपए की स्वीकृति प्राप्त हुई है, और रेंक पॉइंट का कार्य का शुभारंभ भी आचार संहिता लगने से पहले हो जाना सुनिश्चित किया गया है. मौके पर नगरध्यक्ष अमरजीत सिंह, युवा मोर्चा नगरध्यक्ष मनीष कुमार सिंह, डॉ त्रिपुरारी शरण सिंह, अरविंद कुमार, शालू कुमार, रामबाबू प्रसाद, रिंशू पांडे, विकास कुमार सिंह, राजन सिंह आदि मौजूद रहे. ।

## जीरादेई आपसी विवाद में दो पक्षों में मारपीट

**सिवान।** ज़िले के जीरादेई थाना क्षेत्र के ठेपहा गांव में आपसी विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई.जिसमें एक पक्ष से एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया.घायल को परिजनों ने सदर अस्पताल में भर्ती कराया. घायल की पहचान ठेपहा गांव निवासी गजाधर प्रसाद यादव के रूप में हुआ है घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार पूर्व में भी लड़ाई हुई थी.उसी को लेकर सोमवार की सुबह मारपीट शुरू हो गई. जिसमें एक व्यक्ति घायल हो गया. इस मामले में घायल ने स्थानीय थाना में आवेदन दिया हैं ।

## बाइक सवार ने ऑटो चालक अबकर अली को पीटा

**सिवान।** नगर थाना क्षेत्र के स्टेशन रोड फल मंडी में बाइक सवार युवक ने एक ऑटो चालक की पिटाई कर दी.इस घटना में ऑटो चालक गंभीर रूप से घायल हो गया. स्थानीय लोगों की सहायता से चालक को सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया.घायल ऑटो चालक की पहचान छोटपुर गांव निवासी मोहमद नज़ीर अली का पुत्र अकबर अली के रूप में हुआ है. घायल ऑटो चालक ने बताया कि स्टेशन मोड से होकर फल मंडी के तरफ जा रहा था. इस दौरान बीच रास्ते में एक बाइक सवार ऑटो के आगे से टक्कर मार कर निकल रहा था. जिसे रोक कर पूछताछ किया तो उसने पिटाई कर दी. लहूलुहान अवस्था में देख बाइक चालक मौके से फरार हो गया. इस घटना में बाइक चालक अपनी गाड़ी के चाबी से ऑटो चालक पर हमला किया है. घटना के बाद आसपास के लोग एकत्रित हो गये.लोगों के मदद से सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है.जहां स्थिति गंभीर बताई जा रही है.

# बिहार फर्स्ट बिहारी फर्स्ट विजन को जन-जन तक पहुंचा कर संगठन को करें मजबूत

### शहर के पत्रकार भवन में सोमवार को लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास की हुई बैठक

**सिवान।** पत्रकार भवन में सोमवार को लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के जिला ईकाई की बैठक जिलाध्यक्ष महादेव पासवान की अध्यक्षता हुई. संचालन नगर अध्यक्ष अखिलेश श्रीवास्तव ने किया. लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के बिहार प्रदेश महासचिव सह प्रभारी सौरव कुमार पांडे ने कहा कि पार्टी के संगठन को पूरे जिला में हर घर एवं प्रत्येक बूथ तक पहुंचना है. राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान का बिहार फर्स्ट बिहारी फर्स्ट विजन को जन-जन तक पहुंचा करके संगठन को मजबूत करना है, ताकि आने वाला लोकसभा चुनाव 2024 में लोजपा का उम्मीदवार बने और उसे जीता करके भेजने का काम करेंगे. सौरभ पांडे द्वारा दर्जनों लोगों को माला पहनाकर सदस्यता ग्रहण कराया गया.जिलाध्यक्ष महादेव पासवान ने कहा कि लोक जनशक्ति पार्टी सीवान में आगामी आने वाला लोकसभा 2024 का हम सबको मिलकर तैयारी करना है. सर्वसम्मति से जिला अध्यक्ष के नेतृत्व में जिला कार्यकारिणी का एक प्रस्ताव पारित किया गया कि लोकसभा चुनाव 2024 के लोजपा से उम्मीदवार बनायें. बिहार प्रदेश महासचिव विनोद तिवारी ने कहा कि संगठन को और अधिक मजबूत कर पूरे जिला में हर घर पर कार्यकर्ता झंडा फहराने का कार्य करें. मौके पर वरीय उपाध्यक्ष मोनू गुप्ता, श्रमिक प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय सचिव रजनीश कुमार सिंह, दयानंद पांडे, चंदन पासवान, प्रखंड अध्यक्ष गुठनी अनिल पासवान, अजित पासवान, शैलेंद्र पासवान, राहुल कुमार सिंह, विशाल कुमार, सुजय कुमार, राहुल कुमार पासवान, मुन्ना मांझी, सागर दुबे, सरोज कुशवाहा, धर्मेंद्र पासवान, मासूम अली, परमा मांझी, पशुपती पारस, मो. राजू व श्रीराम मांझी मौजूद थे.

## आयुष्मान कार्ड के आवेदकों की संख्या एक लाख के पार, अभियान चलाकर ऑनलाइन भरे जा रहे फार्म

**सिवान।** प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एवं मुख्यमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत सोमवार को भी राशन दुकानों पर कार्ड बनवाने के लिये उपभोक्ताओं की कतार लगी रही.शासन के प्राथमिकता के इस कार्यक्रम को लेकर डीएम मुकुल कुमार गुप्ता प्रत्येक दिन प्रगति की समीक्षा कर रहे हैं. प्रशासन की कोशिश है कि राशन के कोई भी लाभार्थी वंचित न रह जायें.आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत पात्र लाभार्थियों को प्रति वर्ष प्रति परिवार 5 लाख रूपये तक निःशुल्क चिकित्सा प्रदान करने की व्यवस्था है. राज्य सरकार राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के लाभार्थियों को संम्पूर्ण रूप से स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान करने के क्रम में आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है.रविवार की देर शाम तक प्रखंडों में कुल 101889 पात्र लाभार्थियों का आयुष्मान कार्ड का निर्माण कार्य किया गया है.जिसमें बड़हरिया में 8865, हुसैनगंज में 7201, सीवान सदर में 7242, भगवानपुर में 6506, गोरेयाकोठी में 6706, जिरादेई में 5953, महाराजगंज में 5137, आन्दर में 4932,पचरुखी में 4708, गुठनी में 4775, हसनपुरा में 4688, दरौंदा में 4946, दरौली में 4383, रघुनाथपुर में 4132, सिसवन में 3903, नवतन में 3763, बसंतपुर में 3721, लकड़ीनबीगंज में 3606, मैरवा में 2818 कार्ड जारी किया गया.

## सिवान नगर परिषद में बैठक स्थगित करने को ले लिखा पत्र

**सिवान।** नगर परिषद के द्वारा 5 मार्च को आयोजित साधारण बैठक को स्थगित करने को ले पार्षदों ने नगर परिषद के मुख्य पार्षद, कार्यपालक पदाधिकारी सहित अन्य अधिकारियों को पत्र लिखा है.वार्ड पार्षद चमन आरा, शहाबुद्दीन सिद्दीकी सहित अन्य ने पत्र लिखकर कहा है कि गत बैठक की संपुष्टि मनमाने तरीके से कराया जाता है. साथ ही अनेकों बैठक की संपुष्टी नहीं करायी गयी है. साथ ही कहा है कि 27 फरवरी को सशक्त स्थायी समिति की बैठक की संपुष्टी रखा गया है जबकि अनेकों पूवर्प की सशक्त स्थायी समिति की बैठक बोर्ड में नहीं रखा गया है.पार्षदों ने कहा है कि ऐसी सूचना मिली है कि 27 फरवरी को सशक्त स्थायी समिति की पारित प्रस्ताव पर उपस्थिति समिति के द्वारा हस्ताक्षर नहीं किया गया है. करोड़ों रूपये की खरीदारी नियम के विरूद्ध निर्णय लिया गया है. 27 फरवरी को सशक्त स्थायी के पारित प्रस्ताव बोर्ड के बैक 5 मार्च के पूर्व किसी पार्षदों को उपबल्ध नहीं कराया गया है. बैठक के लिये स्ट्रीट लाइट खरीदने का एजेडा रखा गया है जबकि विभाग के तरफ से स पर रोक लगा दिया गया है. आवेदन के माध्यम से मांग किया गया है कि साधारण बैक को स्थगित करते हुये नगर पालिका अधिनियम के तहत बैठक बुलायी जाये.

## जन सुराज कासदस्यता अभियान चला, सैकड़ों को जोड़ा

**दैनिक खोज खबर, गड़खा(सारण)।** बिहार में राजनीतिक उथल-पुथल होते रहते हैं ??। प्रशांत किशोर अपने जन सुराज पद यात्रा के दौरान बिहार की राजनीति में खलबली तो मचा ही दिया है।जन सुराज के कार्यकर्ता भी नित्य प्रति दिन अपने सक्रिय भागीदारी से लोगों के बीच विश्वास बनाते दिख रहे हैं। सारण जिला संगठन सचिव संजीत सिंह ने सोमवार को अमनौर प्रखंड में सदस्यता अभियान चला कर सैकड़ों लोगों को जन सुराज से जोड़ा।उन्होंने बताया कि जन सुराज के हर एक सदस्य सभी के साथ मिल-जुल कर कार्य करेंगे। यही एक ऐसी पार्टी है। जो जात-पात धर्म- संप्रदाय से उपर उठकर गरीब किसान तबके के लोगों की समस्याओं के साथ खड़ा रहने के लिए तत्पर है।

## ट्रक से युवती के कुचलकर मौत को ले दर्ज हुई प्राथमिकी, ड्राइवर को किया नामजद

**सिवान।** बड़हरिया थाना क्षेत्र के बड़हरिया-गोपालगंज मुख्यमार्ग स्थित खानपुर गांव के पोखरा के समीप एक अनियंत्रित ट्रक की चपेट में आने एक युवती रुही खातून की मौत व दो युवतियों के घायल होने के मामले में ट्रक चालक को नामजद कर प्राथमिकी दर्ज कर ली गयी है. मृत रुही खातून के छोटे भाई व जीबी नगर थाना क्षेत्र के नौतन गांव के अब्दुल मजीद के पुत्र सिंधबाद के आवेदन पर पुलिस ने थाना कांड संख्या-90/24 के तहत मामला दर्ज किया है.आवेदन में कहा कि उसकी बहन रुही खातून व चचेरी बहन रजिया खातून स्कूटी से डॉक्टर से इलाज कराने के गोपालगंज जा रही थीं. तभी खानपुर पोखरा के समीप पूर्व से खड़ी उसकी दूसरी चचेरी बहन ने दोनों को रोककर बातचीत करने लगी. आवेदक का आरोप है कि तभी नशे में धुत्त ट्रक ड्राइवर ने लापरवाही से तीनों बहनों को अपनी चपेट में ले लिया. जिसमें रुही खातून की मौत घटनास्थल पर हो गयी.वहीं अन्य दो युवतियां गंभीर रुप से घायल हो गयीं. थानाध्यक्ष रुपेश कुमार वर्मा ने बताया कि ट्रक चालक गिरफ्तार है, जो सारण जिला के अवतार नगर थाना क्षेत्र के हकीकतपुर गांव का 38 वर्षीय रंजन कुमार बताया जाता है.वहीं ट्रक को जब्त कर लिया गया है ।